# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–12 मई 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के सिविल लाइन्स क्षेत्र में नगरीय सेवा केन्द्र और सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर का लोकार्पण किया। नगर निगम की इन दोनों परियोजनाओं पर चौदह करोड़ बाइस लाख रूपये की लागत आयी है। नगरीय सेवा केन्द्र के जरिये नागरिकों को एक छत के नीचे नगर निगम की सभी मूलभूत सुविधाएं प्राप्त होंगी जबकि सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर घर पर अकेले रहने वाले बुजुर्गों के लिये काफी सुविधाजनक होगा। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिकों के जीवन में जितनी अधिक सुगमता आयेगी, लोकतंत्र की सार्थकता उतनी ही मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि हम सबका ध्येय देश को समृद्ध बनाने का होना चाहिए।

***सारा देश समृद्धि को प्राप्त हो यह हमारा एक संकल्प होना चाहिए। जीवन का ध्येय वाक्य बनना चाहिए। हम भी अपना योगदान दे सके देश के विकास में यह हम सबके मन में एक पवित्र भाव होना चाहिए और उसकी भाव के साथ प्रदेश में पिछले आठ वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्ग दर्शन में नगरीकरण को और विस्तार देने के क्रम में ऑर्गनाइजेशन के कार्यक्रम को तेजी के साथ फैलाने का एक विस्तरित अभियान सरकार ने लिया।***

इसके पहले मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब डेढ़ सौ लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्यायें सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर समस्या का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

**********

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद नागर विमान परिचालन के लिए अस्थायी रूप से बंद किए गए बत्तीस हवाई अड्डों को अब तत्काल प्रभाव से खोल दिया गया है। इससे पहले इन बत्तीस हवाई अड्डों को इस महीने की पन्द्रह तारीख तक नागर विमान परिचालन के लिए बंद रखा गया था।

**********

केंद्र सरकार ने अपनी ताजा ब्रीफिंग में पाकिस्तानी सेना के दावे का भंडाफोड किया है। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक इकाई ने कहा कि पाकिस्तान साक्ष्य के तौर पर छेडछाड वाली फुटेज दिखाकर अपने लोगों को गुमराह कर रहा है। सरकार की ओर से जारी परामर्श में कहा गया है कि अगर किसी व्यक्ति को संदिग्ध सामग्री, विशेषकर भारतीय सशस्त्र बलों या मौजूदा स्थिति से संबंधित कोई अन्य सूचना दिखाई दे तो वह पी आई बी फैक्ट चेक इकाई को सूचित करें। ऐसी सामग्री को व्हाट्सएप नम्बर आठ सात नौ नौ सात एक एक दो पांच नौ और ईमेल आईडी– फैक्टचेक एट द रेट पीआईबी डॉट जीओवी डॉट इन पर भी साझा किया जा सकता है।

**********

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण– एन.डी.एम.ए. ने भी नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है। लोगों से कहा गया है कि किसी भी संदिग्ध वस्तु को न छुएं क्योंकि वह विस्फोटक हो सकती है। एन.डी.एम.ए. ने कहा कि अगर लोगों को कोई संदिग्ध वस्तु मिले तो तुरंत स्थानीय अधिकारियों को सूचित करें।

**********

बुद्ध पूर्णिमा का पर्व आज पूरे प्रदेश में श्रद्धा, भक्ति–भाव और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है। वैशाख माह की पूर्णिमा तिथि को बुद्ध पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। इस तिथि को भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था और साथ ही इसी तिथि पर उन्हें बोधि और महापरिनिर्वाण की प्राप्ति हुयी थी। बुद्ध पूर्णिमा को लेकर भगवान बुद्ध से जुड़े प्रमुख स्थलों विशेष कर महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर और उनके पहले उपदेश स्थल सारनाथ में विशेष आयोजन किये गये। कुशीनगर के महापरिनिर्वाण मंदिर में प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर चीवर चढ़ाया। कुशीनगर में बुद्ध पूर्णिमा पर एक विशेष यात्रा भी निकाली गयी। एक रिपोर्ट–

***आज प्रातः महापरिनिर्वाण स्थल से बुद्धम शरणम गच्छामि की गूंज के साथ धूमधाम से रथ यात्रा शुरू हुई, जो स्थानीय गांवों और नगर का परिभ्रमण कर संपन्न हुई। रथयात्रा में बौद्धभिक्षुओं तथा स्थानीय जनता के अलावा विदेशों से आए हुए बौद्ध धर्मावलम्बी भी भारी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर म्यांमार बौद्ध विहार में विविध कार्यक्रम किए गए। विवेक पाण्डेय,आकाशवाणी समाचार, कुशीनगर।***

उधर, वाराणसी के सारनाथ में बड़ी संख्या में जुटे बौद्ध भिक्षुओं ने विश्व कल्याण और शान्ति के लिये विशेष पूजन किया। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर प्रयागराज में श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न कराये।

**********

विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उन्होंने अपने चौदह वर्ष के टेस्ट क्रिकेट जीवन से संन्यास लेने की खबर सोशल मीडिया पर साझा की। विराट कोहली ने एक सौ तेइस टेस्ट मैचों में छियालीस दशमलव आठ–पांच के औसत से नौ हजार दो सौ तीस रन बनाये हैं। विराट कोहली, भारत के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले चौथे खिलाडी हैं।

**********